आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 11.10.2025 समय : 1905

<><><><><><><>

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज नई दिल्ली में कृषि और इससे जुडे क्षेत्रों में बयालीस हजार करोड़ रुपये से अधिक की कई परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया।
- राष्ट्र आज लोकनायक जयप्रकाश नारायण और नानाजी देशमुख को उनकी जयंती पर श्रद्धांजलि अर्पित कर रहा है।
- अनुसूचित जनजाति छात्रों के लिए प्री–मैट्रिक और पोस्ट–मैट्रिक छात्रवृत्ति योजनाओं के अंतर्गत आवेदन आमंत्रित किए गए हैं।
- द्वीपों में अगले दो दिनों तक वर्षा होने की संभावना है।

<><><><><><><>

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज नई दिल्ली में कृषि और इससे जुडे क्षेत्रों में 42 हजार करोड़ रुपये से अधिक की कई परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया। श्री मोदी ने 35 हजार करोड रूपये से अधिक की लागत वाली कृषि क्षेत्र की दो प्रमुख पहल पीमए धन–धान्य कृषि योजना और दलहन में आत्मनिर्भरता मिशन का शुभारंभ किया। प्रधानमंत्री ने कहा कि देश की आत्मनिर्भरता और किसानों के कल्याण के लिए ये दो नई योजनाएं शुरू की गई हैं।

प्रधानमंत्री ने बताया कि दलहन में आत्मनिर्भरता मिशन भावी पीढी को आत्मनिर्भर बनाने की योजना है।

श्री मोदी ने कहा कि पीएम धन धान्य कृषि योजना के अंतर्गत पशु धन पर भी विशेष ध्यान दिया जा रहा है। प्रधानमंत्री ने कहा कि 21वीं सदी के भारत के विकास के लिए देश की कृषि प्रणाली में सुधार आवश्यक थे और ये सुधार 2014 में ही शुरू हो गए थे। श्री मोदी ने कहा कि देश में छह नई उर्वरक कंपनियाँ भी स्थापित की गई हैं और पिछले 11 वर्षों में किसानों को 25 करोड़ मृदा स्वास्थ्य कार्ड वितरित किए गए हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि सौ से ज्यादा पिछड़े जिलों को आकांक्षी जिला योजना से विकसित किया जा रहा है। कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि अगले जीएसटी सुधारों में, सरकार ने कृषि उपकरणों पर जीएसटी दरों को कम करके किसानों को राहत प्रदान की है। श्री चौहान ने कहा कि नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार ने रबी फसलों के एमएसपी में भी वृद्धि की है। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री

किसान सम्मान निधि के तहत अब तक प्रत्यक्ष लाभ अंतरण के माध्यम से किसानों के बैंक खातों में 3 लाख 90 हज़ार करोड़ रुपये हस्तांतरित किए जा चुके हैं। श्री चौहान ने कहा कि प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अंतर्गत किसानों के बैंक खातों में 1 लाख 83 हज़ार करोड़ रुपये हस्तांतरित किए जा चुके हैं।

<><><><><><><>

राष्ट्र आज लोकनायक जयप्रकाश नारायण और नानाजी देशमुख को उनकी जयंती पर श्रद्धांजलि अर्पित कर रहा है। उपराष्ट्रपति सी. पी. राधाकृष्णन और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने दोनों विभुतियों को श्रद्धांजलि अर्पित की। उपराष्ट्रपति ने कहा कि नानाजी के निस्वार्थ सेवा के सिद्धांत सभी को ईमानदारी और समर्पण के साथ राष्ट्र की सेवा करने के लिए प्रेरित करते रहेंगे। प्रधानमंत्री ने कहा कि नानाजी देशमुख एक दूरदर्शी समाज सुधारक, राष्ट्र निर्माता और आत्मनिर्भरता तथा ग्रामीण सशक्तिकरण के आजीवन समर्थक थे। लोकनायक जयप्रकाश नारायण की जयंती पर उपराष्ट्रपति ने कहा कि उन्हें उन्नीस वर्ष की अवस्था में जयप्रकाश नारायण के नेतृत्व में संपूर्ण क्रांति में शामिल होने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। अपने संदेश में प्रधानमंत्री ने कहा कि श्री जयप्रकाश नारायण ने लोगों को सशक्त बनाने और संविधान की अखंडता की रक्षा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

<><><><><><><>

शैक्षणिक वर्ष 2025–26 के लिए प्री–मैट्रिक और पोस्ट–मैट्रिक छात्रवृत्ति योजनाओं के अंतर्गत पात्र अनुसूचित जनजाति के छात्रों से नए और नवीनीकरण दोनों आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। आवेदन करने के इच्छुक उम्मीदवारों के अभिभावकों की आय ढाई लाख प्रतिवर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए। आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि इक्कतीस दिसम्बर है। आवेदन के सत्यापन की तिथि पन्द्रह जनवरी है। केंद्र शासित प्रदेश योजना के तहत अनुसूचित जनजाति के छात्रों के लिए अतिरिक्त छात्रवृत्ति के लिए आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि भी इक्कतीस दिसम्बर है। इसके लिए द्वीप समूह के सभी अनुसूचित जनजाति निवासी आवेदन कर सकते हैं। सभी पात्र अनुसूचित जनजाति छात्रों से राष्ट्रीय छात्रवृत्ति पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन करने को कहा गया है। आवेदकों को यह सुनिश्चित करना होगा कि उनके आधार विवरण अपडेट किए गए हों और उनके वर्तमान बैंक खाते और पंजीकृत मोबाइल से लिंक किए गए हों ताकि छात्रवृत्ति का भुगतान विफल न हो। छात्रों की सुविधा के लिए सभी स्कूलों और कॉलेजों में एक समर्पित हेल्पडेस्क के अलावा सचिवालय परिसर स्थित जनजातीय कल्याण निदेशालय में भी एक केंद्रीय हेल्पडेस्क स्थापित किया गया है।

<><><><><><><>

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा घोषित और पिछले महीने की 22 तारीख को शुरू हुए जीएसटी बचत उत्सव का पूरे देश में लाभ मिल रहा है।

<><><><><><><>

मुख्य सचिव की ओर से जारी निर्देशानुसार विभागों में मासिक मॉक ड्रिल आयोजित की जा रही है। इसके अंतर्गत जहाजरानी सेवा निदेशालय ने कल नाव पलटने की स्थिति से निपटने पर मॉक ड्रिल का आयोजन किया। यह अभ्यास जहाजरानी सेवा विभाग के उप–निदेशक और घटना कमांडर बी. सी. सरकार की देखरेख में आयोजित किया गया। इस अभ्यास में निदेशालय की आपदा प्रबंधन टीम ने भाग लिया।

<><><><><><><>

मालवाहक जहाज एम वी चुगलम सोलह अक्टूबर को शाम चार बजे हैडो जेट्टी से कार निकोबार, चौरा, तेरेसा, कच्छाल और ननकौड़ी होते हुए कैंपबेल बे के लिए रवाना होगा और संबंधित बंदरगाहों पर माल उतारने के तुरंत बाद श्री विजयपुरम के लिए वापसी करेगा।

<><><><><><><>

द्वीपों के कई भागों में वर्षा हुई। आज सुबह साढ़े आठ बजे तक श्री विजयपुरम में चवालीस दशमलव छः मिलीमीटर, वायु सेना केन्द्र कार निकोबार में पैंतीस दशमलव चार, कार निकोबार में सत्ताईस, मायाबंदर में दस दशमलव दो और ननकौड़ी में दो दशमलव तीन मिलीमीटर वर्षा रिकॉर्ड की गई। अगले दो दिनों के मौसम संबंधी पूर्वानुमान में बताया गया है कि द्वीपों के एकाध स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा हो सकती है।

<><><><><><><>